आमोखस व मिडिया की खबरों व प्रथम समाचार पत्र

RNI No. UPHIN/2012/47484




# जननायक सम्राट



उत्तर प्रदेश के विभिन्न जनपदों अलीगढ़ हाथरस ऐटा कासगंज बदायूं बुलंदशहर मथुरा आदि से प्रसारित व अलीगढ़ से प्रकाशित

बर्ष :13 अंक :438 पृष्ठ -4 दिनांक 28 मार्च 2025 दिन शनिवार

## यूपी में सरकारी नौकरी की बहार! पुलिस में 26596 पदों पर होगी भर्ती

## सिपाही–दारोगा बनने का सुनहरा मौका




उत्तर प्रदेश पुलिस में भर्ती की तैयारी कर रहे युवाओं के लिए अच्छा मौका है। आरक्षी नागरिक पुलिस के 60244 पदों पर भर्ती के बाद अब 26596 और पदों पर भर्ती होगी। इनमें 4534 उपनिरीक्षक 19220 आरक्षी और 2833 बंदी रक्षक के पद शामिल हैं। भर्ती प्रक्रिया अप्रैल के अंतिम सप्ताह में शुरू होने की संभावना है। उम्मीदवारों को यूपी पुलिस भर्ती बोर्ड की वेबसाइट पर अपडेट देखते रहना चाहिए।उप्र पुलिस में भर्ती होने का सपना देख रहे युवाओं को जल्द बड़ा अवसर मिलेगा। आरक्षी नागरिक पुलिस के 60,244 पदों पर भर्ती के बाद दारोगा, सिपाही व बंदी रक्षक के कुल 26,596 पदों पर और भर्तियां होंगी। डीजीपी मुख्यालय ने अलग–अलग पदों पर भर्ती का अधियाचन पुलिस भर्ती व प्रोन्नति बोर्ड को भेजा है।भर्ती बोर्ड के अध्यक्षध्डीजी राजीव कृष्ण का कहना है कि अप्रैल माह के अंतिम सप्ताह में भर्तियों से जुड़ी विज्ञप्ति प्रकाशित किए जाने की तैयारी है। इसके साथ ही अभ्यर्थियों के आनलाइन आवेदन की तिथि घोषित की जाएगी। भर्ती की प्रक्रिया से जुड़ी सूचनाओं के लिए अभ्यर्थी बोर्ड की वेबसाइट का अवलोकन करते रहे।भर्ती बोर्ड के अनुसार उपनिरीक्षक के कुल 4,534 पदों पर भर्ती का अधियाचन प्राप्त हुआ है। इनमें उपनिरीक्षक नागरिक पुलिस के 4,242 पद, उपनिरीक्षक नागरिक पुलिस (महिला) (पीएसी) बदायूंध्गोरखपुरध्लखनऊ के 106 पद, प्लाटून कमांडरध्उपनिरीक्षक सशस्त्र पुलिस के 135 पद व उपनिरीक्षध्कप्लाटून कमांडर विशेष सुरक्षा बल के 60 पद शामिल हैं। आरक्षी के कुल 19,220 पदों पर भर्ती का अधियाचन भेजा गया है। इनमें आरक्षी पीएसी के 9,837 पद, आरक्षी उप्र विशेष सुरक्षा बल के 1,341 पद, आरक्षी पीएसी महिला बदायूं गोरखपुर लखनऊ (महिला बटालियन) के 2,282 पद, आरक्षी नागरिक पुलिस के 3,245 पद, आरक्षी पीएसीध्सशस्त्र पुलिस के 2,444 पद व आरक्षी घुड़सवार पुलिस के 71 पद शामिल हैं।इनके अलावा कारागार विभाग में 2,833 पदों पर बंदी रक्षकों की भर्ती भी होगी। कारागार मुख्यालय से प्राप्त अधियाचन के आधार पर बंदी रक्षकों की भर्ती प्रक्रिया भी अप्रैल माह के अंतिम सप्ताह में शुरू होगी।परिषदीय प्राथमिक व उच्च प्राथमिक स्कूलों में छात्रों को इको क्लब आफ मिशन लाइफ की मदद से पर्यावरण संरक्षण का पाठ पढ़ाया जाएगा। पर्यावरण को बेहतर बनाने के लिए विद्यालयों में विभिन्न गति. विधियों का आयोजन किया जाएगा। प्रत्येक कक्षा में इस क्लब का गठन कर हर सप्ताह गतिविधियां आयोजित की जाएंगी।ग्लोब वार्मिंग के खतरे के बारे में लोगों को बताया जाएगा और क्लब के माध्यम से पौधरोपण भी किया जाएगा। स्कूली शिक्षा महानिदेशालय की ओर से सभी विद्यालयों को निर्देश दिए गए हैं कि वह इको क्लब का गठन करें। विद्यालयों में प्रत्येक शनिवार को एक कक्षा इको क्लब से संबंधित गतिविधियों के लिए आयोजित की जाए।क्लब के अध्यक्ष व सदस्यों के मार्गदर्शन के लिए एक शिक्षक को इसका प्रभारी बनाया जाए। किस तरह बढ़ते प्रदूषण और तापमान से बचाव के लिए विद्यालय व आसपास के क्षेत्र में हरियाली बढ़ाई जाए इसके लिए प्रयास किए जाएं।शहरी क्षेत्रों में पार्षद व ग्रामीण क्षेत्रों में प्रधानों की मदद से स्कूल प्रबंधन समिति विभिन्न गतिविधियां समय–समय पर आयोजित करे। क्लब के सदस्य आसपास के क्षेत्र में लोगों को पर्यावरण संरक्षण के लिए प्रेरित करें और उन्हें समझाएं कि अपने घर के आसपास एक पौधे का जीवन बचाने की वह जिम्मेदारी लें। पर्यावरण संरक्षण के लिए कार्य कर रहीं स्वयंसेवी संस्थाओं की मदद से समय–समय पर कार्यक्रम और प्रतियोगिताएं भी आयोजित की जाएं। जानकारी उपलब्ध कराने के निर्देश दिए गए हैं।

## झांसीः युवक और युवती ने दुकानदार को बातों में फंसाकर, गल्ले से उड़ाए हजारों रुपये



बंटी बबली फिल्म जैसी चोरी की वारदात यूपी के झांसी में देखने को मिली. यहां जींस–टॉप पहनकर एक युवती युवक के साथ दुकान पर पहुंची. युवती ने दुकानदार को बातों में फंसा लिया और युवक ने गल्ला खोलकर कैश चुरा लिया. मात्र सात मिनट में ही दोनों चोरी की वारदात करके भाग गए. जब दुकानदार ने गल्ला देखा तो उसके होश उड़ गए. सीसीटीवी कैमरों की जांच की तो वारदात का पता चला. चोरी की पूरी घटना नवाबाद थाना के इलाइट चौराहे पर हिमालय वेलनेस कंपनी के स्टोर में हुई है. दुकान के मालिक लो. केंद्र विश्वकर्मा ने बताया है कि मंगलवार को दोपहर के लगभग 1 बजे एक लड़का और एक लड़की कुछ प्रोडक्ट खरीदने के लिए दुकान पर आए और प्रोडक्ट देखने लगे. लड़की ने दुकानदार को बातों में उलझा लिया तभी लड़के ने गल्ले में रखे छह हजार रुपये चोरी कर लिए. करीब 7 से 8 मिनट तक लड़का और लड़की दुकान के अंदर रहे. इतने समय में ही दोनों ने दुकान में चोरी कर रफू चक्कर हो गए.जब दुकानदार ने गल्ला को चेक किया तो पता चला उस में से 6 हजार रुपये गायब थे. जब दुकानदार लोकेंद्र विश्वकर्मा दुकान में लगे सीसीटीवी कैमरा चेक किया तब पूरा मामला समझ में आया. पीड़ित दुकानदार ने चोरी की शिकायत थाना नवाबाद में दर्ज कराई है. पुलिस पूरे मामले की जांच पड़ताल में जुट गई है. घटने के बाद दुकानदार ने इसकी शिकायत थाने में दर्ज करा दी. इस पूरे मामले पर को सिटी स्नेहा तिवारी ने बताया है कि, एक लड़का दुकान के अंदर चोरी करते हुए सीसीटीवी कैमरे में दिखाई दे रहा है. सीसीटीवी फुटेज के आधार पर मामला दर्ज कर लिया है. जांच पड़ताल की जा रही है.

## बाराबंकीके डिस्ट्रिक्ट जज पंकज कुमार सिंह का सुबह हार्ट अटैक से निधन



बाराबंकी। उत्तर प्रदेश के बाराबंकी जिले के डिस्ट्रिक्ट जज पंकज कुमार सिंह का शुक्रवार सुबह हार्ट अटैक से 60 वर्ष की उम्र में आकस्मिक दजिला जज के निधन पर बाराबंकी कचहरी में हुआ कांडोलेंस। बताया जा रहा है कि वो स्वस्थ थे और सामान्य कामकाज कर रहे थे। अचानक कार्डियक अरेस्ट का शिकार हुए और तत्काल उनकी मौत हो गई। जिला जज के निधन पर वकीलों ने शोक जताया है।

## लोकबंधु अस्पताल पहुंचे सीएम योगी, जाना बच्चों का हाल, डॉक्टर को दिए बेहतर इलाज के निर्देश

उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ शुक्रवार को लोक बंधु अस्पताल पहुंचे। जहां फूड प्यजनिंग की वजह से बीमार 14 बच्चों का हाल जाना। सीएम ने एक–एक करके सभी बच्चों के पास जाकर उनके बात की। इसके साथ ही अस्पताल प्रशासन को बच्चों के बेहतर इलाज करने के निर्देश दिए। वहीं लखनऊ के डीएम विशाख जी को भी निष्पक्ष जांच करने के भी निर्देश दिए हैं।मुख्यमंत्री ने एक बच्चे से पूछा कि तबीयत ठीक है, फिर यह भी पूछा कि पहचान रहे हो, बच्चे ने दोनों हाथ उठाकर अपनी सहमति जतायी। अधिकारियों ने कहा, ''मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ बारी–बारी से बच्चों के बिस्तर के पास गये और गंभीर स्थिति में दिख रहे बच्चों के बारे में चिकित्सकों से भी जानकारी प्राप्त की।'' जब एक बच्चे के बिस्तर के पास मुख्यमंत्री पहुंचे तो बच्चे को मुस्कुराते देखा गया। मुख्यमंत्री योगी ने कहा कि बैठ जाओ जिसके बाद बच्चा बैठ गया। उन्होंने उसका नाम पूछा और प्रोत्साहित किया। इसके बाद मुख्यमंत्री ने बच्चों के उपचार में लगे चिकित्सकों की टीम से भी बातचीत की। योगी के साथ प्रशासनिक अधिकारी भी मौजूद थे।लखनऊ के पारा इलाके में स्थित निर्वाण राजकीय बाल गृह में 147 बच्चे रहते हैं, जिनमें मुख्य रूप से अनाथ और मानसिक रूप से अस्वस्थ बच्चे शामिल हैं। मंगलवार शाम को बाल गृह के 20 से अधिक बच्चे संभवतः दूषित पानी पीने के कारण बीमार पड़ गए और उन्हें तुरंत अस्पताल में भर्ती कराया गया।लखनऊ के जिलाधिकारी (डीएम) विशाख जी



ने 'पीटीआई–भाषा' को बताया, '' चार बच्चों की मौत हो गयी, जिनमें दो लड़कियां और दो लड़के शामिल हैं। इनकी उम्र 12 से 17 वर्ष के बीच है। शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया और आगे की जांच के लिए विसरा सुरक्षित रखा जाएगा।'' लखनऊ मंडल की आयुक्त रोशन जैकब ने बृहस्पतिवार को कहा कि हो सकता है कि दूषित पानी पीने से बच्चे बीमार हुए हों। जिला प्रशासन ने घटना की जांच शुरू कर दी है।

## महोबा में लड़की को 13 बार सांप ने डसा, हर बार बच जाती है जान, डॉक्टर और परिजन हुए हैरान

महोबा जनपद के पंचमपुरा गांव में एक रहस्यमय घटना ने पूरे इलाके को हैरत में डाल दिया है. गांव के दलपत की 20 वर्षीय बेटी रोशनी को पिछले चार साल में 13 बार एक करिया सांप ने डसा है, लेकिन चौंकाने वाली बात यह है कि हर बार वह मौत के मुंह से बच निकलती है. इस रहस्यमय घटना को लेकर गांव के लोग ही नहीं, डॉक्टर भी अचंभित हैं. चरखारी तहसील के पंचमपुरा गांव का यह मामला है, जहां रहने वाले दलपत खेत में अनाज काट रहे थे, तभी घर में बच्चों के साथ बैठी रोशनी को अचानक करिया सांप ने फिर डस लिया. शोर सुनकर घरवाले मौके पर पहुंचे और उसे तुरंत सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, चरखारी ले गए, जहां से उसे जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया. रोशनी के हाथ में सांप के काटने के निशान साफ दिखाई दे रहे थे. परिजन इस घटना को लेकर बेहद चिंतित हैं.

रोशनी की मां धनकुंवर का कहना है कि यह कोई तंत्र–मंत्र का असर है, क्योंकि सांप सिर्फ उनकी बेटी को ही बार–बार काटता है. उन्होंने कई धार्मिक स्थानों, यहां तक कि मध्य प्रदेश के रतनगढ़ मंदिर में भी मन्नतें मांगीं और चांदी–सोने के नाग



चढ़ाए, लेकिन इसका कोई असर नहीं हुआ. पिता दलपत ने बताया कि सांप जब भी उसके सामने आता है, तो रोशनी की आंखों में धुंधलापन छा जाता है. जब तक वह शोर मचाती है, तब तक सांप उसे डसकर भाग जाता है. हैरानी की बात यह है कि परिवार के किसी अन्य सदस्य ने अब तक इस सांप को नहीं देखा, लेकिन रोशनी के शरीर पर हर बार काटने के निशान मिलते हैं इस घटना के बाद गांव में दहशत का माहौल है. ग्रामीण भी इस बात को लेकर हैरान हैं कि आखिर क्यों सांप सिर्फ रोशनी को ही निशाना बनाता है. वहीं, परिवार रोशनी के इलाज के लिए हर संभव प्रयास कर रहा है, लेकिन बार–बार होने वाली इस घटना ने उन्हें हताश कर दिया है. बहरहाल रोशनी का इलाज डॉक्टरों द्वारा जिला अस्पताल में किया जा रहा है.।

## उत्तराखंड में सड़क हादसा, तेज रफ्तार स्कॉर्पियो नहर में गिरी, 5 घायल और एक महिला की मौत

उत्तराखंड के उधम सिंह नगर जिले के पुलभट्टा थाना क्षेत्र के शंकरफार्म के पास पिथौरागढ़ से मुरादाबाद जा रही स्कॉर्पियो कार अनियंत्रित होकर नहर में गिर गई. स्कॉर्पियो को नहर में गिरा देख स्थानीय लोगों और राहगीरों ने इसकी सूचना पुलभट्टा थाना पुलिस को दी. हादसे की सूचना मिलने के बाद पहुंची पुलिस टीम एवं स्थानीय लोगों ने संयुक्त रूप से 6 घायलों को निकालकर सीएचसी किच्छा पहुंचाया, जहां डॉक्टरों ने प्राथमिक जांच के बाद एक महिला को मृत घोषित कर दिया. जबकि पांच घायलों में से चार घायलों को इलाज के लिए हायर सेंटर रेफर कर दिया. मृतका के भाई की मौत होने के बाद वह अपने परिवार के साथ मायके जा रही थी. वहीं पुलिस ने महिला के शव को कब्जे में लेकर पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेजने की तैयारी शुरू कर दी है.पिथौरागढ़ से मुरादाबाद जा रही स्कॉर्पियो गाड़ी संख्या न्झ05क8888 एनएच 74 पर पुलभट्टा थाना क्षेत्र में स्थित शंक. रफार्म के पास अनियंत्रित होकर नहर में गिर गई. स्कॉर्पियो को नहर में गिरा हुआ देखकर स्थानीय लोगों ने मामले की जानकारी पुलभट्टा थाना पुलिस को दी. सूचना मिलने के बाद एसआई प्रदीप पंत, कांस्टेबल प्रवीण कुमार, महेंद्र बिष्ट, पीआरडी जवान राकेश मौके पर पहुंचकर राहगीर सेवा सिंह समेत कई लोगों की मदद से नहर से बाहर निकाला. इस हादसे में पिथौरागढ़ निवासी विरेन्द्र पटियाल पुत्र सुरेंद्र पटियाल, अशोक लाल शाह पुत्र रमेश शाह, भुवन चंद्र पुत्र राम दत्त, चंद्रकला चौसाली पुत्र भुवन चंद्र, मोहन चौसानी, बबिता पत्नी विजेंद्र घायलों को बाहर निकाला. इसके बाद पुलिस ने सभी घायलों को सीएचसी किच्छा में भर्ती



कराया, जहां प्राथमिक जांच के बाद डॉक्टरों की टीम ने बबिता पत्नी विजेंद्र को मृत घोषित कर दिया. जबकि चार घायलों को हायर सेंटर के लिए रैफर कर दिया गया. पुलिस ने मृतका बबिता के शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है. हादसे की जानकारी इनके परिवार को दूरभाष के माध्यम से दे दी गई है. डॉ. राहुल गौड़ ने बताया कि पुलभट्टा थाना पुलिस 6 घायलों को अस्पताल लेकर आई थी. इसमें से एक महिला की मौत हो चुकी थी. जबकि चार घायलों को हायर सेंटर रेफर किया गया है. इनकी स्थिति भी गंभीर है.

## ईद से पहले यूपी के इस जिले में मुस्लिम परिवारों के बेघर होने का खतरा

ईद मुसलमानों के लिए सबसे बड़े त्यौहारों में से एक है, जिसे बड़े ही हर्षोल्लास और उमंग के साथ मनाया जाता है. लेकिन इस बार उत्तर प्रदेश के अलीगढ़ जिले में कई मुस्लिम परिवारों के लिए ईद की खुशियां फीकी पड़ती नजर आ रही है. वजह यह है कि प्रशासन द्वारा 1000 से अधिक मुस्लिम लोगों को घर खाली करने का नोटिस थमा दिया गया है. प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने इस बार ईद के अवसर पर मुस्लिम परिवारों को श्ईद किटश बांटने की घोषणा की थी. सरकार का दावा था कि यह पहल मुस्लिम समुदाय की भलाई और सहूलियत के लिए की जा रही है. लेकिन इसी बीच अलीगढ़ में जबरन घर खाली कराने के नोटिस मिलने के बाद कांग्रेस के वरिष्ठ नेता और सामा. जिक कार्यकर्ता इंजीनियर आगा यूनुस ने इस फैसले की कड़ी आलोचना की.आगा यूनुस का कहना है कि एक तरफ प्रधानमंत्री मुसलमानों के हित की बात कर रहे हैं और ईद किट बांट रहे हैं, तो दूसरी ओर कुछ भू–माफियाओं के इशारे पर प्रशासन मुस्लिम परिवारों को उनके घरों से बेदखल करने में लगा हुआ है. उन्होंने प्रशासन पर आरोप लगाते हुए कहा कि इस फैसले के पीछे कुछ दबंगों का हाथ है, जो वर्षों से बसे मुस्लिम परिवारों को परेशान करना चाहते हैं.अलीगढ़ के चिलकौरा गांव में प्रशासन ने कई घरों पर नोटिस चस्पा किए हैं, जिनमें साफ तौर पर कहा गया है कि इन परिवारों को 15 दिनों के भीतर मकान खाली करना होगा. यदि वे निर्धारित समय में मकान खाली नहीं करते, तो उनके घरों पर बुलडोजर चलाया जाएगा. इस नोटिस के बाद प्रभावित परिवारों के बीच अफरातफरी मच गई है इन परिवारों का कहना है कि उनके पास जमीन के सारे वैध दस्तावेज (बैनामा) मौजूद हैं, फिर भी उन्हें निशाना बनाया जा रहा है. पीड़ित परिवारों का आरोप है कि प्रशासन कुछ बाहरी लोगों के दबाव में आकर यह कार्रवाई कर रहा है. इन परिवारों ने जिलाधिकारी अलीगढ़ संजीव रंजन से मिलकर अपनी पीड़ा व्यक्त की और न्याय की गुहार लगाई.

# हाथरस के बागला डिग्री कॉलेज में एक और प्रोफेसर को निलंबित कर दिया गया



हाथरस के बागला डिग्री कॉलेज में एक और प्रोफेसर को निलंबित कर दिया गया है। कॉलेज की प्रबंध समिति ने हिंदी के प्रवक्ता प्रोफेसर चंद्रशेखर रावल को कई गंभीर आरोपों के चलते निलंबित किया है।प्रबंध समिति के सचिव प्रदीप कुमार बागला के अनुसार रावल पर अनुशासनहीनता का आरोप है। वे अपने दायित्वों का निर्वहन नहीं करते थे। उच्चाधिकारियों के निर्देशों का पालन नहीं करते थे। साथ ही अमर्यादित भाषा का प्रयोग करते थे।10 जनवरी 2025 को उन्हें कारण बताओ नोटिस जारी किया गया था। 30 दिन का समय देने के बाद भी उन्होंने कोई जवाब नहीं दिया। इसके बाद समिति ने सर्वसम्मति से उन्हें निलंबित करने का निर्णय लिया।रावल 15 जनवरी से 7 मार्च तक बिना कार्यमुक्त हुए गोरखपुर चले गए थे। 2014 में भी उन पर अनुशासनहीनता का आरोप लगा था। 2023 में प्राचार्य से अमर्यादित व्यवहार का मामला सामने आया था। इसी वर्ष औचक निरीक्षण में वे कक्षा में अनुपस्थित पाए गए थे। 2024 में उन्होंने नियुक्तियों को लेकर कॉलेज की छवि को धूमिल किया। प्राचार्य और प्रबंधन पर आपत्तिजनक टिप्पणी की। 31 जनवरी को विश्वविद्यालय परीक्षा की उड़न दस्ता ड्यूटी में भी अनुपस्थित रहे। निलंबन काल में उन्हें रोज सुबह 10 से शाम 4 बजे तक कॉलेज में रहना होगा। प्राचार्य की अनुमति के बिना शहर से बाहर नहीं जा सकेंगे।प्रबंध समिति की भूमिका भी आ गई है घेरे में.. उल्लेखनीय है कि कॉलेज का एक अन्य प्रोफेसर छात्राओं के यौन शोषण के आरोप में जेल में है। सूत्रों का कहना है कि प्रबंध समिति इस मामले में अपनी जिम्मेदारी से बचने के लिए ऐसी कार्रवाई कर रही है। छात्राओं से यौन शोषण के मामले में प्रबंध समिति की भूमिका भी संदेह के घेरे में आ चुकी है।

## हाथरस में मौसम परिवर्तन का असर बच्चों के स्वास्थ्य पर गंभीर रूप से दिख रहा



हाथरस में मौसम परिवर्तन का असर बच्चों के स्वास्थ्य पर गंभीर रूप से दिख रहा है। रात में ठंडक और दिन में तेज धूप के कारण बच्चों में बीमारियां बढ़ रही हैं। जिला अस्पताल और महिला अस्पताल के एसएनसीयू वार्ड में प्रतिदिन 200 से अधिक बच्चे इलाज के लिए आ रहे हैं।अधिकतर बच्चे बुखार, खांसी और उल्टी-दस्त से पीड़ित हैं। नवजात शिशुओं में भी यह समस्या देखी जा रही है। निजी अस्पतालों में भी मरीजों की संख्या बढ़ी है। बागला जिला अस्पताल के बाल रोग विशेषज्ञ डॉ. प्रमोद कुमार ने मौसम परिवर्तन को इस स्थिति का प्रमुख कारण बताया है। ठंडे पेय पदार्थों से करें परहेज डॉक्टरों ने अभिभावकों को कुछ जरूरी सलाह दी हैं। बच्चों में पर्याप्त जलयोजन बनाए रखें। ठंडे पेय पदार्थों से परहेज करें। तेज धूप से बचाएं। बीमार पड़ने पर किसी योग्य चि-कित्सक से ही उपचार कराएं। चिकित्सकों का कहना है कि इन सावधानियों को अपनाकर बच्चों को मौसमी बीमारियों से बचाया जा सकता है।

## हाथरस गेट कोतवाली क्षेत्र के गांव हतीसा के पास पूर्वोत्तर रेलवे ट्रैक पर एक व्यक्ति की ट्रेन से टकराकर मौत

हाथरस गेट कोतवाली क्षेत्र के गांव हतीसा के पास पूर्वोत्तर रेलवे ट्रैक पर एक व्यक्ति की ट्रेन से टकराकर मौत हो गई। मृतक की पहचान मुकेश 42 वर्ष पुत्र घनश्याम के रूप में हुई है। वह गांव नगला बनारसी का रहने वाला था।मुकेश पिछले एक साल से अपनी ससुराल कस्बा मेंडू में रह रहा था। वह खराद मशीन पर काम करता था। घटना की रात वह अपने घर जाने की बात कहकर निकला था। इसके बाद उसकी मौत रेलवे ट्रैक पर हुई।मृतक के परिजनों में मचा कोहराम सूचना मिलते ही इलाका पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया है। पुलिस ने उसके परिवार के लोगों को भी सूचित कर दिया।घटना की जानकारी मिलते ही परिजन भी मौके पर पहुंच गए। मुकेश के पीछे उसकी पांच संतानें हैं। परिवार में कोहराम मचा हुआ है।

## मुरसान रोड स्थित एक धर्मस्थल के सामने एक युवक ने राष्ट्रीय ध्वज लगे डंडे से नाली साफ

सादाबाद में एक चौंकाने वाला मामला सामने आया है। मुरसान रोड स्थित एक धर्मस्थल के सामने एक युवक ने राष्ट्रीय ध्वज लगे डंडे से नाली साफ की। इस घटना का वीडियो भी सामने आया है।स्थानीय लोगों को जब इस घटना की जानकारी मिली, तो वे मौके पर पहुंचे। भा. जपा युवा मोर्चा के सोशल मीडिया प्रमुख हर्ष वर्मा ने जब युवक से इस बारे में पूछा, तो मामला बिगड़ गया। आरोपी युवक की पत्नी, बेटी और 8-10 अन्य युवक वहां आ गए। उन्होंने हर्ष वर्मा के साथ अभद्रता की और जान से मारने की धमकी दी।हर्ष वर्मा ने कोतवाली में शिकायत दर्ज कराई। उन्होंने बताया कि आरोपी युवक पहले भी इस तरह की हरकतें करता रहा है। शिकायत के बाद पुलिस ने युवक को हिरासत में ले लिया है। सीओ सादाबाद हिमांशु माथुर ने कहा कि मामले की शिकायत मिल गई है। वीडियो की जांच की जा रही है। जांच में जो भी तथ्य सामने आएंगे, उसके आधार पर कार्रवाई की जाएगी।

## हाथरस की सादाबाद तहसील में थरौरा से करकौली गांव की ओर जाने वाले मार्ग की स्थिति बेहद खराब

उत्तर प्रदेश के जनपद हाथरस की सादाबाद तहसील में थरौरा से करकौली गांव की ओर जाने वाले मार्ग की स्थिति बेहद खराब है। बागपुर की ओर जाने वाला डेढ़ किलोमीटर का यह संपर्क मार्ग पिछले 25 वर्षों से मरम्मत का इंतजार कर रहा है।इस सड़क की दुर्दशा से आक्रोशित ग्रामीणों ने विरोध प्रदर्शन किया। उन्होंने राजनीतिक प्रतिनिधियों के खिलाफ नारेबाजी की। ग्रामीणों ने चेतावनी दी है कि अगर जल्द ही सड़क का डामरीकरण नहीं हुआ, तो वे किसी भी राजनीतिक दल के नेता को गांव में नहीं घुसने देंगे।ग्रामीणों का कहना है कि नेता सिर्फ चुनाव के समय गांव आते हैं और झूठे वादे करते हैं। पिछले 25 सालों में गांव ने पांच विधायक और पांच सांसद देखे, लेकिन किसी ने भी सड़क नहीं बनवाई। आखिरी बार 25 साल पहले विधायक निधि से पीडब्ल्यूडी ने इस सड़क का निर्माण किया था।खराब सड़क के कारण कई दुर्घटनाएं हो चुकी हैं। आलू की बुवाई के दौरान दो ट्रैक्टर-ट्राली पलट गए थे, जिसमें कई लोग घायल हुए थे।ग्राम प्रधान भूरा सिंह ने बताया कि उन्होंने जिला पंचायत, विधायक, सांसद और क्षेत्र पंचायत को पत्र लिखकर सड़क के डामरीकरण का अनुरोध किया है। लेकिन कोई सुनवाई नहीं हुई। उन्होंने कहा कि अगर यही स्थिति रही तो गांव चुनाव का बहिष्कार भी कर सकता है।

## हाथरस में रमजान के आखिरी जुमे पर अलविदा की नमाज पढ़ी गई



हाथरस में रमजान के आखिरी जुमे पर अलविदा की नमाज कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच अदा की गई। मुस्लिम पर्सनल बोर्ड की अपील पर मुस्लिम समाज ने वक्फ बिल के विरोध में काली पट्टी बांधकर नमाज अदा की।शहर के किला गेट स्थित मस्जिद और नयागंज की जामा मस्जिद समेत सभी मस्जिदों में नमाजियों ने देश में अमन-चैन और खुशहाली की दुआ मांगी। मुस्लिम इंतजामिया कमेटी के पदाधिकारी भी इस अवसर पर उपस्थित रहे। इस मौके पर वक्फ बिल का विरोध किया गया।प्रशासन की ओर से सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए गए। हाथरस शहर में एसडीएम सदर नीरज शर्मा और सीओ सिटी योगेंद्र कृष्ण नारायण पुलिस बल के साथ मौजूद रहे। सिकंद्राराऊ और सादाबाद में भी नमाज के दौरान पुलिस बल तैनात रहा। शहर के आसपास के कस्बों की मस्जिदों में भी नमाज अदा की गई। मिश्रित आबादी वाले क्षेत्रों और संवेदनशील स्थलों पर विशेष सुरक्षा व्यवस्था की गई। खुफिया तंत्र भी पूरी तरह सतर्क रहा। सभी जगह नमाज कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच मस्जिदों के अंदर हुई।

## हाथरस में विकास कार्यों को समय पर पूरा करने के निर्देश




हाथरस के कलेक्ट्रेट सभागार में जिलाधिकारी राहुल पांडेय ने 14वें और 15वें वित्त आयोग के तहत चल रहे कार्यों की समीक्षा की। उन्होंने नगर पालिका परिषद और नगर पंचायतों में चल रहे विकास कार्यों को निर्धारित समय में पूरा करने के निर्देश दिए।जिलाधिकारी ने अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए कि वित्त आयोग की धनराशि का उपयोग स्थानीय नागरिकों के हित में पारदर्शी तरीके से किया जाए। सभी विभागों को विस्तृत योजना प्रस्तुत करने को कहा गया। प्रस्तावित कार्यों की निरंतर निगरानी और गुणवत्ता पर विशेष ध्यान देने के निर्देश दिए गए।बैठक में जनसामान्य की बुनियादी सुविधाओं से जुड़े प्रस्तावों पर चर्चा हुई। इनमें जल निकासी, नाली, सीवर, सीसीइंटरलॉकिंग सड़कों का निर्माण और कायाकल्प शामिल हैं। अधिकांश प्रस्तावों को सर्वसम्मति से मंजूरी दी गई। जिलाधिकारी ने नगर पालिका परिषदों और नगर पंचायतों के प्रतिनिधियों को निर्देश दिए कि वे अपने क्षेत्र की समस्याओं को प्राथमिकता के आधार पर हल करें।बैठक का मुख्य उद्देश्य विकास कार्यों में तेजी लाना और नागरिक सुविधाओं में सुधार करना था। बैठक में अपर जिलाधिकारी, जिला सूचना अधिकारी, नगर पालिकाध्नगर पंचायतों के अध्यक्ष, अधिशासी अधिकारी, विद्युत विभाग के अधिशासी अभियंता और अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

## हाथरस में सपा सांसद के खिलाफ कोर्ट में प्रार्थना-पत्र राणा सांगा को गद्दार कहने पर FIR के लिए याचिका, 5 अप्रैल को होगी सुनवाई



हाथरस की एमपी-एमएलए कोर्ट में क्षत्रिय महासभा के प्रदेश महासचिव मतेंद्र सिंह गहलोत ने सपा सांसद रामजीलाल सुमन के खिलाफ प्रार्थना पत्र दिया है।प्रार्थना पत्र में गहलोत ने कहा है कि सुमन ने राज्यसभा में महाराणा सांगा को गद्दार कहकर क्षत्रिय समाज का अपमान किया। उन्होंने कहा कि वे महाराणा सांगा के वंशज हैं और पूरा क्षत्रिय समाज उनके शौर्य को अपनी प्रतिष्ठा से जोड़कर देखता है।शिकायत में बताया गया कि 22 मार्च को सुमन ने सोशल मीडिया पर अपने बयान को दोहराया। इससे सामाजिक सौ. हार्द बिगड़ने और जातीय संघर्ष फैलने का खतरा पैदा हुआ है। गहलोत ने प्रार्थना पत्र में कहा है कि पहले थाने में रिपोर्ट दर्ज कराने की कोशिश की। जब वहां कोई कार्रवाई नहीं हुई तो एसपी को रजिस्टर्ड डाक से शिकायत भ. जी। कोई प्रतिक्रिया न मिलने पर उन्होंने कोर्ट में प्रार्थना पत्र दिया है।कोर्ट से अनुरोध किया गया है कि एफआईआर दर्ज करने और विवेचना कराने का आदेश दिया जाए। गहलोत की ओर से पैरवी कर रहे वरिष्ठ अधिवक्ता मुन्ना सिंह पुंडीर ने बताया कि इस मामले में न्यायालय में सुनवाई 5 अप्रैल को होगी।




**पीड़ित ध्यान दें**

यदि आप भ्रष्टाचार, भेदभाव, अन्याय, शोषण और उत्पीड़न का शिकार हैं

यदि आपकी कहीं कोई सुनवाई नहीं हो रही है।

यदि आपके आसपास किसी भी प्रकार की कोई जन सामाजिक समस्या या कोई अपराध हो रहा है तो सम्पादक 'जननायक सम्राट' को पूरे विवरण के साथ पत्र लिखकर इसकी जानकारी दें या मिलें।

इसे 'जननायक सम्राट' को प्रकाशित कर राष्ट्रीय स्तर पर उजागर किया जाएगा। पत्र भेजने वाले का पूरा नाम एवं पता देने आवश्यक है।इसे पूर्णतः गोपनीय रखा जायेगा।

मो. 8218049162

email: jannayaksamrataligarh@gmail.com

jnsnews24aligarh@gmail.com

# भारतीय नववर्ष पर प्रातः सूर्यदेव को जल अर्पण के साथ घर घर लहराएंगी भगवा



हमारे शास्त्रों में भारतीय संस्कृति के अनुसार विभिन्न प्रकार के पर्व मनाने की परंपरा रही है । संस्कार भारती जिला अलीगढ़ के जिलाध्यक्ष भुवनेश वार्ष्णेय आधुनिक के अनुसार हमारी सनातन संस्कृति के अनुसार नव सम्वत अर्थात हमारा नववर्ष नवसंवत 2082 चैत्र शुक्ल प्रतिपदा तदनुसार 30 मार्च 2025 दिन रविवार को प्रारम्भ हो रहा है । संस्कार भारती इस पवित्र दिन का शुभारंभ प्रातः 5.45 बजे भगवान सूर्यदेव को प्रथम किरण के समय जलाभिषेक के साथ करेगी । सूर्यदेव को जलार्पण का मुख्य कार्यक्रम स्थानीय राधा वन ( नकवी पार्क ) में रहेगा । साथ ही संस्कार भारती से सम्बध्द सभी कार्यकर्ता व सभी हिन्दूवादी संगठनों के कार्यकर्ता 30 मार्च 2025 दिन रविवार को ठीक प्रातः 5 बजकर 45 मिनट पर अपने अपने घरों के पास के पार्कों पर यह जलाभिषेक का कार्यक्रम अपने परिवार के साथ संपन्न करा चन्दन तिलक लगा कर नव वर्ष की शुभकामनाएं प्रदान करेंगे |साथ ही भुवनेश वार्ष्णेय आधुनिक ने कहा कि भारतीय नववर्ष के स्वागत में प्रत्येक घर घर रंगोली का आयोजन भी रहेगा । राहगीरों को व सगे सम्बन्धियों को चंदन तिलक लगाकर भारतीय नववर्ष की शुभकामनाएं व बधाई प्रेषित कर उसका प्रचार प्रसार करें |संस्कार भारती के महानगर अध्यक्ष अनिल राज गुप्ता एवं कार्यकारी अध्यक्ष डा इंदिरा अग्रवाल के अनुसार सभी हिन्दू अपने घरों में पीले, सिंदूरी, लाल या केसरिया रंग के कपड़े पर स्वास्तिक या ॐ लगा हुआ झंडा अवश्य लगाएं। अगर राम पताका, ॐ पताका या केसरिया झंडा ना मिले तो नारंगी रंग या लाल रंग के कपड़े को ध्वज पताका की तरह फहरायें, नववर्षारंभ त्यौहार हर्षोल्लास के साथ मनाएं और अपनी संस्कृति की रक्षा करेंगे ऐसा प्रण करें |रात्रि में सभी घरों पर 5 दीपक या 11 दीपक अवश्य जलाएं । इस अवसर पर नववर्ष अभिनन्दन कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए संस्कार भारती बृज प्रांत के अध्यक्ष संजय गोयल सी ए ने भुवनेश वार्ष्णेय आधुनिक, अनिल राज गुप्ता, रुचि गोट. `वाल, डॉ इंदिरा अग्रवाल, डा सुनीता गुप्ता, सुनयना गुप्ता, गिनीषा वार्ष्णेय, दुर्गेश वार्ष्णेय, रमा वार्ष्णेय, उषा वार्ष्णेय, डॉ अनुपम राघव, निशा गुप्ता, अर्चना वार्ष्णेय आदि को जिम्मेवारी सौंपी है ।

# झुग्गी झोंपड़ियों में जीवन यापन करने वाले बच्चों को रॉबिन हुड आर्मी ने कराया कोल्ड्रिंक्स का वितरण

अलीगढ़ |श्री अग्रवाल परिषद मातृशक्ति द्वारा होली मिलन पारिवारिक कार्यक्रम "स्नेह–उल्लास "का आयोजन बड़े उल्लास के साथ किया गया |इस कार्यक्रम का शुभा. रंभ दीप प्रज्ज्वलन व श्री अग्रसेन महाराज की प्रतिमा पर माल्यार्पण करके किया गया जोकि मुख्य अतिथि मेयर प्रशांत सिंघल व उनकी धर्मपत्नी पूजा सिंघल,अध्यक्ष गुनिका सिंघल,सचिव शिखा जिंदल,कोषाध्यक्ष रचना गोयल और संस्थापिका ज्योति मित्तल व सभी सम्मानित सदस्यों द्वारा संयुक्त रूप से किया गया |कार्यक्रम का संचालन कर रहीं निवर्तमान अध्यक्ष सीमा अग्रवाल जैन व संस्थापिका ज्योति मित्तल ने सुंदर पंक्तियों से सभी को संबोधित किया |कार्यक्रम की श्रृंखला में आर्यन डांस एकेडमी के बाल कलाकारों द्वारा मन मोहक शिव तांडव प्रस्तुत किया गया। उसके बाद सभी बोर्ड मेंबर्स द्वारा स्वागत गान गाकर अतिथियों का स्वागत किया गया और फिर सभी सम्मानित सदस्यों व कार्यकारिणी सदस्यों के परिजनो का भी पटका पहनाकर स्वागत किया गया |वहीं इस कार्यक्रम को आगे बढ़ाते हुए सभी के मनोरंजन के लिए सरप्राइस गेम्स किए गए साथ ही उसके बाद आर्यन डांस अकेडमी के बच्चों ने धमाकेदार बॉलीवुड परफॉरमेंस दी और यहां पर बच्चों को पुरुस्कृत भी किया गया |अंत मे राधा –कृष्ण स्वरूप बने कलाकारों द्वारा फूलों की होली की गई |. वहीं नीरजा जैन,गुंजन सिंघल,मनीषा बंसल व युक्ति अग्रवाल ने अपना भरपूर सहयोग दिया जबकि यहां पर पूर्व अध्यक्ष तूलिका अग्रवाल,दीप्ति, रुचि अग्रवाल,गार्गी गुप्ता,एकता,शैली आदि ने भी कार्यक्रम को सफल बनाने में पूर्ण योगदान दिया।

# रेलवे ने यात्रियों की सुविधा के लिए नई स्पेशल ट्रेन सेवाएं शुरू

रेलवे ने यात्रियों की सुविधा के लिए नई स्पेशल ट्रेन सेवाएं शुरू की हैं। गोविंदपुरी–अलीगढ़ के बीच नई स्पेशल ट्रेन 29 मार्च से 30 सितंबर तक चलेगी।ट्रेन नंबर 04189 गोविंदपुरी से सुबह 7:20 बजे रवाना होगी। यह पनकी, रूरा, झींझक, फफूंद, इटावा, शिकोहाबाद और फिरोजाबाद स्टेशनों पर रुकेगी। अलीगढ़ में यह दोपहर 12:40 बजे पहुंचेगी। वापसी में ट्रेन नंबर 04190 अलीगढ़ से दोपहर 1:40 बजे चलकर रात 8:15 बजे गोविंदपुरी पहुंचेगी।इसके अलावा, वीरांगना लक्ष्मीबाई झांसी स्पेशल ट्रेन (0180101802) के समय और मार्ग में बदलाव किया गया है। अब यह ट्रेन सेंट्रल स्टेशन की बजाय गोविंदपुरी तक ही चलेगी। ट्रेन नंबर 01801 झांसी से 28 मार्च से 30 अप्रैल तक सुबह 6:10 बजे चलकर सुबह 10रू20 बजे गोविंदपुरी पहुंचेगी।वापसी में ट्रेन नंबर 01802 गोविंदपुरी से शाम 6रू50 बजे रवाना होगी। यह पुखरायां, कालपी, उरई, एट, मोठ और चिरगांव स्टेशनों पर रुकते हुए रात 10:35 बजे झांसी पहुंचेगी।

# मैरिस रोड चौराहे से लेकर केला नगर चौराहे तक जाने वाले मार्ग पर पिछले काफी दिनों से सडक चौड़ी करने के लिए सड़क के दोनों और काफी गहरी खुदाई कर दी

मैरिस रोड चौराहे से लेकर केला नगर चौराहे तक जाने वाले मार्ग पर पिछले काफी दिनों से सडक चौड़ी करने के लिए सड़क के दोनों और काफी गहरी खुदाई कर दी गई है । इसके चलते वाहन चाल. कों विशेषकर दो पहिया वाहन चालकों को रोजाना काफी खतरनाक स्थिति से गुजरना पड़ता है। इसी समस्या को लेकर आज पूर्व विधायक विवेक बंसल के नेतृत्व में कांग्रेसजनों ने केला नगर के निकट लेमन ट्री होटल पर विरोध प्रदर्शन किया । इस अवसर पर विवेक बंसल ने कहा कि नगर निगम ने सड़क के दोनों और खुदाई तो कर दी है लेकिन उस खुदाई के चलते दुर्घटना रोकने के लिए बेरिकेडिंग या अन्य कोई उपाय नहीं किया है जिसके चलते दो पहिया वाहन चालक भारी संकटों का सामना कर रहे हैं, जरा सा भी नियंत्रण बिगड़ने पर दुपहिया वाहन चालकों को



दुर्घटना के शिकार होने का पूरा खतरा है । इस गंभीर समस्या की ओर नगर निगम ने कोई ध्यान नहीं दिया है जोकि उसकी संवेदनहीनता को दर्शाता है । यदि नगर निगम ने दुपहिया वाहन चालकों की सुरक्षा के लिए कोई प्रबंध किए होते तब माना जा सकता था कि नगर निगम जनता की सुरक्षा के प्रति संवेदनशील है । हम कांग्रेसजन मांग करते हैं कि जितने भाग की खुदाई हो चुकी है वहां सुरक्षा के उपाय करते हुए उस निर्माण कार्य को यथाशीघ्र प्राथमिकता के आधार पर कराए जाने का कार्य किया जाए । प्रदर्शन करने वाले प्रमुख कांग्रेसजनों में पूर्व प्रदेश महासचिव रूही जुबैरी, जिलाधध्यक्ष ठाकुर सोमवीर सिंह, शहर अध्यक्ष नवेद खान,शाहरुख खान, अनिल सिंह चौहान, रामकिशन गोस्वामी, मोहम्मद जियाउद्दीन राही, प्रदीप रावत, पार्षद बिजेन्द्र सिंह बघेल, वीरेंद्र चौधरी, तेजवीर सिंह बघेल, गौरव प्रकाश, के साथ साथ अन्य लोग उपस्थित रहे ।

# ईद से पहले यूपी के इस जिले में मुस्लिम परिवारों के बेघर होने का खतरा, प्रशासन ने थमाया नोटिस

ईद मुसलमानों के लिए सबसे बड़े त्यौहारों में से एक है, जिसे बड़े ही हर्षोल्लास और उमंग के साथ मनाया जाता है. लेकिन इस बार उत्तर प्रदेश के अलीगढ़ जिले में कई मुस्लिम परिवारों के लिए ईद की खुशियां फीकी पड़ती नजर आ रही है. वजह यह है कि प्रशासन द्वारा 1000 से अधिक मुस्लिम लोगों को घर खाली करने का नो. टिस थमा दिया गया है. इस फैसले के चलते प्रभावित परिवारों में डर और चिंता का माहौल बना हुआ है. जिन घरों में दशकों से लोग रह रहे थे, उन्हें अचानक बेदखल करने का फरमान सुना दिया गया है. ऐसे में सवाल यह उठता है कि जब ईद का त्यौहार नजदीक है, तब इन परिवारों के लिए यह मुश्किल हालात कैसे हल होंगे?ईद की किट और घर उजाड़ने की कार्रवाई पर विवाद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने इस बार ईद के अवसर पर मुस्लिम परिवारों को श्ईद किटश बांटने की घोषणा की थी. सरकार का दावा था कि यह पहल मुस्लिम समुदाय की भलाई और सहूलियत के लिए की जा रही है. लेकिन इसी बीच अलीगढ़ में जबरन घर खाली कराने के नोटिस मिलने के बाद कांग्रेस के वरिष्ठ नेता और सामाजिक कार्यकर्ता इंजीनियर आगा यूनुस ने इस फैसले की कड़ी आलोचना की.आगा यूनुस का कहना है कि एक तरफ प्रधानमंत्री मुसलमानों के हित की बात कर रहे हैं और ईद किट बांट रहे हैं, तो दूसरी ओर कुछ भू–माफियाओं के इशारे पर प्रशासन मुस्लिम परिवारों को उनके घरों से बेदखल करने में लगा हुआ है. उन्होंने प्रशासन पर आरोप लगाते हुए कहा कि इस फैसले के पीछे कुछ दबंगों का हाथ है, जो वर्षों से बसे मुस्लिम परिवारों को परेशान करना चाहते हैं.40–50 सालों से रह रहे लोगों को अचानक क्यों मिल रहा है नोटिस अलीगढ़ के चिलकौरा गांव में प्रशासन ने कई घरों पर नोटिस चस्पा किए हैं, जिनमें साफ तौर पर कहा गया है कि इन परिवारों को 15 दिनों के भीतर मकान खाली करना होगा. यदि वे निर्धारित समय में मकान खाली नहीं करते, तो उनके घरों पर बुलडोजर चलाया जाएगा. इस नोटिस के बाद प्रभावित परिवारों के बीच अफरातफरी मच गई है. वे लोग, जो दशकों से यहां रह रहे थे, अचानक बेघर होने की आशंका से सहमे हुए हैं. इन परिवारों का कहना है कि उनके पास जमीन के सारे वैध दस्तावेज (बैनामा) मौजूद हैं, फिर भी उन्हें निशाना बनाया जा रहा है. पीड़ित परिवारों का आरोप है कि प्रशासन कुछ बाहरी लोगों के दबाव में आकर यह कार्रवाई कर रहा है. इन परिवारों ने जिलाधिकारी अलीगढ़ संजीव रंजन से मिलकर अपनी पीड़ा व्यक्त की और न्याय की गुहार लगाई. क्यों दिया गया है नोटिस चिलकोरा गांव में प्रशासनिक अधिकारियों की ओर से जारी किए गए नोटिस में 15 दिन का समय दिया गया है. जिसमें बताया गया है यह जमीन ग्राम समाज की जमीन है. जिस पर लोगों के द्वारा अपने घर बना लिए गए हैं. चारागाह और ग्राम समाज की जमीन पर कोई भी निर्माण करना वैध नहीं है. यही कारण है उनको यह नोटिस दिया गया है. पूरे मामले पर अलीगढ़ जिलाधिकारी संजीव रंजन ने जानकारी देते हुए बताया कि कुछ लोग जमीन के मामले को लेकर अपनी शिकायत लेकर उनके कार्यालय पर आए हुए थे. पूरे मामले में जांच पड़ताल की जा रही है. मामले में आवश्यक कार्रवाई की जाएगी.

# खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन विभाग अलीगढ़ द्वारा केंद्र सरकार के 10 वर्ष पूर्व एवं प्रदेश सरकार की सेवा सुरक्षा एवं सुशासन की 8 वर्ष पूर्ण होने पर किया गया ईट राइट मेला 2025 का आयोजन

अलीगढ़। खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन विभाग अलीगढ़ द्वारा केंद्र सरकार के 10 वर्ष एवं प्रदेश सरकार के ८ सेवा सुरक्षा एवं सुशासनय के 8 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष में ईट राइट मेला 2025 कल्याण सिंह हैबिटेट सेंटर पर आयोजित किया गया, जिसमें विभिन्न प्रकार के कार्यक्रम आयोजित किए जाने के साथ–साथ एसबीआई मुख्य शाखा तिराहे से प्रारंभ अपर जिलाधिकारी (नगर) द्वारा हरी झंडी दिखाकर किया गया उक्त कार्यक्रम में पर्याप्त छात्रों, एनसीसी कैडेट्स, स्वयं सेवक, एवं स्काउट गाइड के साथ–साथ अपर जिलाधिकारी (नगर) के आदेशानुसार एवं उप नियंत्रक तथा वरिष्ठ सहायक उप नियंत्रक के निर्देशन में सिविल डिफेंस ध्नागरिक सुरक्षा के समस्त जवानों ने भी ईट राइट मेले में प्रतिभाग किया ।

# वीएस हॉस्पिटल व अल्ट्रासाउंड सेंटर पर छापा, भ्रूण जांच करते पकड़ा मालिक छत से कूदकर भागा

अलीगढ़। जिल के टप्पल थाना क्षेत्र के नूरपुर रोड स्थित वीएस हॉस्पिटल व अल्ट्रासाउंड सेंटर में भ्रूण लिंग जांच (मेल–फीमेल टेस्ट) का अवैध रूप से संचालन किया जा रहा था। इस गुप्त सूचना के आधार पर हरियाणा स्वास्थ्य विभाग की टीम ने छापेमारी की, जिसमें अस्पताल के अंदर बने अल्ट्रासाउंड सेंटर को रंगे हाथों पकड़ा गया। छापेमारी के दौरान सेंटर का मालिक और स्टाफ छत से कूदकर भागने की कोशिश करते दिखे, लेकिन इस दौरान मालिक का संतुलन बिगड़ गया और वह नीचे गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गया। हरियाणा स्वास्थ्य विभाग की टीम ने पीएनडीटी एक्ट के तहत गर्भ में लिंग परीक्षण की पुष्टि की और अलीगढ़ के स्वास्थ्य विभाग और पुलिस टीम का इंतजार करने लगी। सूचना मिलने पर अलीगढ़ स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी और पुलिस बल मौके पर पहुंचा और कार्रवाई शुरू की। गौरतलब है कि इससे पहले भी अलीगढ़ स्वास्थ्य विभाग ने पुष्पांजलि अल्ट्रासाउंड सेंटर पर छापा मारा था और उसे सील कर दिया गया था। लेकिन सेंटर ने नाम बदलकर वीएस अल्ट्रासाउंड८ के नाम से दोबारा अवैध रूप से भ्रूण जांच का धंधा शुरू कर दिया। मालिक ने मौके पर कवरेज कर रहे मीडियाकर्मी को धमकी भी दी, जिसका वीडियो भी सामने आया है।



# कासगंज के गंजडुंडवारा के बाजार मे चोर–उचक्के चुस्त, पुलिस सुस्त! त्योहारों की रौनक में सक्रिय हुआ चोर गिरोह

कासगंज के गंजडुंडवारा के बाजार मे रौनक है। मुस्लिम भाईयो की ईद और हिन्दुओं का नवरात्र का पर्व आने वाला है। बाजार में खरीदारी करने के लिए लोगों की भीड़ उमड़ रही है। त्योहारी सीजन में भीड़ का फायदा उठाकर चोर–उचक्के भी एक्टिव हो गए हैं। ईद और नवरात्र की खरीदारी के बीच बाइकर्स गैंग और पेशेवर चोरों का आतंक बढ़ता जा रहा है। गुरुवार को बदमाशों ने 2 लाख रुपये से भरा बैग उड़ा दिया, जबकि 16 जनवरी को संदिग्ध गतिविधियां सीसीटीवी में कैद हो चुकी हैं।पुलिस दावा तो कर रही है, लेकिन हकीकत ये है कि 24 घंटे बीतने के बाद भी आरोपी पुलिस की पकड़ से दूर हैं। शहर में लगातार हो रही घटनाओं से साफ है कि कोई शातिर गिरोह सक्रिय है, लेकिन पुलिस सिर्फ मौका मुआयना कर लौटने तक सीमित है। चोरों की चुनौती के आगे अभी तक पुलिस सुस्त दिखाई दे रही है। ऐसे मे बाजार मे भीड़ भाड़ का फायदा उठा सक्रिय बाइकर्स गैंग फिर से




बड़ी घटना को अंजाम दे सकता है।क्षेत्र में चोरी की वारदात में इजाफा हुआ है। पूर्व में हुई चोरी की वारदात अब तक सुलझाने में नाकाम पुलिस वर्तमान में होने वाली चोरी की जगह पर मौका मुआयना कर लौट रही है। ऐसे में पुलिस स्थानीय संदेहियों से पूछताछ के बाद मामले को ठंडे बस्ते में डाल देती हैं। वहीं, बाहरी चोर गिरोह पर पुलिस का कोई नियंत्रण नहीं दिख रहा है।कोतवाली क्षेत्र में अपराध का ग्राफ बढ़ा है। बंद घरों, गोदामो में चोरी और दबंगई की घटनाओं में बढ़ोतरी देखी जा रही है। कई चोरियों के खुलासे एवं अन्य मामले में पुलिस खामोश है। वैसे कोतवाली पुलिस रविवार के मामले सहित अन्य लंबित मामलों के जल्द खुलासे का दावा जरूर कर रही है।16 मार्च दृ मुर्गे की टांग को लेकर विवाद के बाद दबंगों ने गल्ले से रुपए उड़ा लिए।12 फरवरी दृ चोड़ाई में तंबाकू व्यापारी राकेश भारद्वाज के गोदाम से इन्वर्टर, सोलर समेत हजारों की चोरी।10 फरवरी दृ जाहिद हुसैन के मकान से लाखों के सोना–चांदी और नकदी की चोरी।18 दिसंबर दृ गणेशपुर में सैय्यद इमरान अली के बंद मकान से लाखों का माल साफ। 3 दिसंबर दृ मेन बाजार में गौरव किराना स्टोर से मेवा–नकदी समेत हजारों की चोरी। बाजार में भीड़ का फायदा उठाकर बाइकर्स गैंग किसी भी वक्त बड़ी वारदात को अंजाम दे सकते हैं। ऐसे में सावधानी जरूरी है। पुलिस पर पूरी तरह निर्भर रहने के बजाय हमें खुद भी सतर्क रहने की जरूरत है। अपने सामान और नकदी पर खास ध्यान दें। संदिग्ध लोगों की हरकतों पर नजर रखें। कोई संदिग्ध दिखे तो तुरंत पुलिस को सूचना दें।

## कासगंज में रमजान की आखिरी जुमा नमाज को लेकर पुलिस प्रशासन पूरी तरह सतर्क



कासगंज में रमजान की आखिरी जुमा नमाज को लेकर पुलिस प्रशासन पूरी तरह सतर्क है। सुरक्षा व्यवस्था को मजबूत बनाने के लिए शहर में पुलिस ने फ्लैग मार्च किया।मस्जिदों के बाहर पुलिस और पीएसी के जवान तैनात किए गए हैं। प्रशासन ड्रोन कैमरों से मस्जिदों के आसपास के क्षेत्रों की निगरानी कर रहा है। जिला प्रशासन ने स्पष्ट निर्देश दिए हैं किसड़कों पर नमाज की अनुमति नहीं होगी।नमाजी मस्जिदों में पहुंचना शुरू कर चुके हैं।पुलिस प्रशासन का मुख्य उद्देश्य जुमे कीनमाज को शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न कराना है। आने वाले समय में ईद और नवरात्रिके त्योहार को देखते हुए भी प्रशासन नेसुरक्षा के विशेष इंतजाम किए हैं।

## कासगंज में एनडीएस संगठन मानव एकता मिशन ने शुक्रवार को एक महत्वपूर्ण मुद्दा उठाया

कासगंज में एनडीएस संगठन मानव एकता मिशन ने शुक्रवार को एक महत्वपूर्ण मुद्दा उठाया। संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष अनिल एनडीएस रामनारायन के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं ने उप जिलाधिकारी न्यायिक को प्रधानमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा।ज्ञापन में कई गंभीर मुद्दों को उठाया गया। उत्तर प्रदेश समेत कई राज्यों में मान्यता प्राप्त स्कूलों और किताब विक्रेताओं की मिलीभगत का मामला सामने आया है। हर साल किताबों के प्रकाशन को बदलकर अभिभावकों पर नई किताबें खरीदने का दबाव बनाया जाता है।संगठन ने सरकारी स्कूलों में रिक्त पदों को भरने की मांग की है। शिक्षकों की ड्यूटी को केवल स्कूल में पढ़ाने तक सीमित करने पर जोर दिया गया है। साथ ही शिक्षा और दवाइयों पर टैक्स कम करने की मांग की गई है।. स्वास्थ्य सेवाओं में सुधार और दवाओं के दामों को नियंत्रित करने की मांग भी ज्ञापन में शामिल है। संगठन का कहना है कि इन समस्याओं का समाधान होने से गरीब और आम जनता को शिक्षा और स्वास्थ्य सेवाएं आसानी से मिल सकेंगी।

## एटा जिले की सकरौली थाना पुलिस ने नाबा. लिग किशोरी से दुष्कर्म के आरोपी गिरफ्तार

एटा जिले की सकरौली थाना पुलिस ने नाबालिग किशोरी से दुष्कर्म के आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने मुखबिरों की सूचना पर आरोपी को जलेसर–आगरा रोड पर पिलखुन जाने वाले रास्ते से पकड़ा।आरोपी की पहचान गुटई उर्फ प्रदीप के रूप में हुई है। वह नगला गंगा, थाना सकरौली का रहने वाला है। पीड़िता के परिजनों ने सकरौली थाने में एफआ. ईआर दर्ज कराई थी।एटा के वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक श्याम नारायण सिंह ने मामले की गंभीरता को देखते हुए तत्काल कार्रवाई के निर्देश दिए थे। पुलिस पहले ही अपहृत किशोरी को सकुशल बरामद कर चुकी थी।गिरफ्तारी में उप निरीक्षक आदित्य कुमार दीक्षित और कांस्टेबल संतरपाल की टीम शामिल रही। आरोपी को न्यायालय में पेश कर जेल भेज दिया गया है।

## ईद, नवरात्र पर जिले में धारा 144 लागू

कासगंज संवावदाता इंद्रपाल राजपूत ईद पर्व, जुमा अलविदा और नवरात्र पर्व को लेकर 21 मई तक के लिए जिले में धारा 144 लागू कर दी गई है। जिले की सीमा में धारा 144 के अंतर्गत निरोधात्मक उपाय सुनिश्चित करने के लिए निषेधाज्ञा लागू की गई है। जिलाधिकारी मेधा रूपम ने बताया कि ईद और नवरात्र पर्व को देखते हुए 21 मई तक धारा 144 लागू की गई है। इस दौरान किसी भी व्यक्ति व संगठन के द्वारा किसी कार्यक्रम के माध्यम से सां. प्रदायिक सौहार्द को बिगाडने का प्रयास किया गया तो इसे निषेधाज्ञा का उल्लंघन माना जाएगा और कार्रवाई की जाएगी। कोई भी व्यक्ति अस्त्र शस्त्र और विस्फोटक पदार्थों को लेकर नहीं चलेगा और नहीं ही लाइसेंसी शस्त्रों का प्रदर्शन करेगा। हर्ष



फायरिंग पर पूरी तरह से प्रतिबंध है। ध्वनि विस्तारक यंत्रों का प्रयोग बिना अनुमति के नहीं किया जा सकेगा और अनुमति के बाद ही किसी समारोह, कार्यक्रम, जुलूस में निर्धारित डेसीबल पर ही लाउडस्पीकर बजाया जा सकेगा। सोशल मीडिया व किसी अन्य माध्यम से झूठी अफवाह फैलाने वालों पर कठोर कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने सभी तहसीलों और थाना पुलिस को निर्देश दिए हैं कि वह धारा 144 का अनुपालन सुनिश्चित कराएं।

## अलविदा जुमे की नमाज को लेकर अपर पुलिस अधीक्षक और अपर जिला मजिस्ट्रेट लालता प्रसाद शाक्य ने मस्जिदों का किया दौरा

एटा में अलविदा जुमे की नमाज के दौरान प्रशासन ने कड़ी सुरक्षा व्यवस्था की। अपर पुलिस अधीक्षक राजकुमार सिंह और अपर जिला मजिस्ट्रेट लालता प्रसाद शाक्य ने संयुक्त रूप से जिले की विभिन्न मस्जिदों का दौरा किया।जामा मस्जिद सहित सभी मस्जिदों के बाहर भारी पुलिस बल तैनात किया गया। जुमे की नमाज शांतिपूर्वक संपन्न हुई।आगामी नवरात्रि और ईद को देखते हुए जिले को 18 सेक्टर और पांच जोन में बांटा गया है। हर सेक्टर और जोन पर जिम्मेदार अधिकारी तैनात किए गए हैं। अपर पुलिस अधीक्षक राजकुमार सिंह ने बताया कि क्यूआरटी टीमें भी लगाई गई हैं। सोशल मीडिया पर पुलिस की विशेष निगरानी जारी है।उन्होंने जनपद वासियों से सौहार्दपूर्ण तरीके से त्योहार मनाने की अपील की है। साथ ही चेतावनी दी है कि अगर कोई व्यक्ति गड़बड़ी करता है तो उसके खिलाफ कड़ी कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

## कासगंज मौसम परिवर्तन होते ही विदाई ले गए मेहमान परिंदे, स्वदेशी पक्षी ही कर रहे जिले में कलरव

कासगंज रू हिमालय क्षेत्रों से होते हुए आने वाले मेहमान परिंदे इस बार कम ही आए और जो आए वे अब कासगंज को अलविदा कह गए। जैसे–जैसे मौसम में बदलाव आने लगा है और तापमान बढ़ रहा है वैसे–वैसे मेहमान परिंदे अब सर्द क्षेत्रों की ओर रुख कर गए। कई महीनें से यहां कलरव कर रहे पक्षियों की अठखेलियां कम हो गई हैं।पक्षियों को सर्द मौसम पसंद है। नवबंर में लंबी उड़ान भरकर विदेशों से पहुंचे पक्षियों की अठखेलियां दरियावगंज झील और गंगा–भागीरथी वन में आकर्षण का केंद्र बनी रही, लेकिन धीमे–धीमे अब मौसम बदल रहा है। बारिश के दिन छोड़ सामान्य दिनों की बात करें तो तापमान तेजी के साथ बढ़ रहा है ऐसे में मेहमान पक्षी अब विदाई ले गए हैं।विदेशों से आए पक्षी परपल, मौरेन, प्रोवाइन, हरनेड सहित तमाम प्रजातियों के पक्षियों ने यहां रोनक बढ़ाई। वन विभाग ने इन पक्षियों के संरक्षण के लिए प्रयास किए। अब यह पक्षी मौसम का आभास कर ठंडे क्षेत्रों की ओर चले गए। कुछ प्रजातिया घर लौट गईं।

## कासगंज : सिग्नल वाले महाराज मंदिर के समीप मिला बुजुर्ग का शव




कासगंज : सोरोंजी होडल पुर गांव निवासी 70 वर्षीय बुजुर्ग का शव शुक्रवार की सुबह बरेली रेलवे ट्रेक पर सिग्नल वाले महाराज मंदिर के समीप पड़ा मिला। पुलिस ने उनके शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। उनकी मौत से परिजनों में कोहराम मच गया।शुक्रवार की सुबह लगभग पांच बजे सिग्नल वाले महाराज मंदिर के समीप बुजुर्ग का शव लोगों ने पड़ा देखा। इसकी जानकारी लोगों ने जीआरपी को दी। मौके पर बड़ी संख्या में लोग एकत्रित हो गए। सूचना पर पुलिस भी मौके पर पहुंच गई। जीआरपी पुलिस द्वारा मृतक की शिनाख्त की गई। शव की शिनाख्त सोरोंजी के ग्राम होडल पुर निवासी प्रेम नारायण (70) के रूप में हुई। परिजनों ने बताया कि वह बृहस्पतिवार की दोपहर उझानी अपनी रिश्तेदारी में गए हुए थे। वहां से ट्रेन से वापस आ रहे थे। आशंका है कि वह ट्रेन से गिर गए और उनकी मौत हो गई। जीआरपी सोरों उपनिरीक्षक भूपेंद्र सिंह ने बताया ग्रामीणों द्वारा सुबह 5:00 बजे जीआरपी चौकी पर सूचना दी गई थी। मृतक व्यक्ति के शव का पोस्टमार्टम कराया जा रहा है।

## विद्युत करंट से झुलसा राज मिस्त्री, गंभीर

कासगंज संवावदाता इंद्रपाल राजपूत सोरों कोतवाली क्षेत्र के तुमरिया में खेत पर काम करते समय एक राज मिस्त्री को विद्युत करंट लग गया, जिससे वह झुलस गया। उसे उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार गांव तुमरिया निवासी मोहनलाल पुत्र साहूकार राजमिस्त्री का काम करते हैं। बुधवार को वह पास के ही गांव में खेत पर ट्यूबवेल के कमरे का प्लास्टर कर रहे थे। इसी दौरान शाम पौने पांच बजे प्लास्टर की शटरिंग खोलते समय मोहनलाल के हाथ में लगा लोहे का गार्डर ऊपर से गुजर रही विद्युत लाइन से छू गया। इससे मोहन लाल झुलस गया। गंभीर हालत में राज मिस्त्री को उपचार के लिए जिला अस्पताल लाया गया। यहां चि. कत्सकों ने भर्ती कराया। गुरुवार को हालत गंभीर होने की वजह से उसे बेहतर उपचार के लिए अन्यत्र भेज दिया।

## कासगंज : कांग्रेस की बैठक में संगठन को मजबूत करने पर हुई चर्चा

कासगंज : जिला कांग्रेस कमेटी की बैठक कांग्रेस जिलाध्यक्ष मनोज पांडेय के प्रतिष्ठान पर आयोजित की गई। बैठक में कार्यकर्ताओं के साथ आगामी रणनीति पर चर्चा हुई, जिससे जनपद में पार्टी को मजबूती दी जा सके। साथ ही, बूथ स्तर तक सभी वर्गों के कार्यकर्ताओं को अनुपातिक हिस्सेदारी देने सहित अन्य बिंदुओं पर भी विचार किया गया।जिलाध्यक्ष मनोज पांडेय ने कहा कि निष्ठावान, कर्मठ और उत्साही कार्यकर्ताओं को जिला, ब्लॉक, न्याय पंचायत और बूथ स्तर पर उचित भागीदारी दी जाएगी। उन्होंने बताया कि कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे, लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी और प्रदेश अध्यक्ष अजय राय के निर्देशानुसार निष्ठावान कार्यकर्ताओं को संगठन में सक्रिय भूमिका दी जानी है।उन्होंने यह भी बताया कि ईद–उल–फितर के बाद जनपद के सभी ब्लॉकों और शहरी क्षेत्रों का दौरा कर सक्रिय लोगों को संगठन से जोड़ा जाएगा। इसके बाद तीन माह में उनके कार्यों और दायित्वों की समीक्षा की जाएगी।इस दौरान अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के सदस्य मुनेंद्र पाल सिंह राजपूत, शहर अध्यक्ष राजेंद्र कश्यप, दीप कुमार पांडेय, अमित यादव, सौरभ पाल, राजकपूर बाल्मीकि, आशीष गांधी, हजारीलाल समेत कई कांग्रेसी कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## पेजयल लाइन डालने के बाद खुदी छोड़ी गली, भरा पानी, निकलना दुश्वरआए दिन गिरकर होते रहते हैं लोग चुटैल, नहीं कोई सुनवाई

अलीगंज एटा संवावदाता इंद्रपाल राजपूत पेयजल लाइन बिछाने या लीकेज सुधारने के नाम पर गली में गड्ढे तो खोद दिए, लेकिन काम पूरा हो जाने के बाद सुधारा नहीं किया गया नतीजतन लोग गड्ढ़ों के बीच में खुदी खाई के बीच निकलने मजबूर हैं। इस दौरान लोग जल्दबाजी में निकलते समय कई बार चोटिल भी हो चुके, लेकिन शिकायतों के बाद भी कोई ध्यान नहीं दे रहे हैं।अलीगंज कस्बे के मोहल्ला काजी में जल निगम द्वारा पेयजल लाइन बिछाने के बाद गली को खुदा हुआ छोड़ दिया गया जिस कारण स्थानीय लोगों को अच्छी खासी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। जहां पेयजल बिछाने के नाम पर लाखों रुपए खर्च के बावजूद भी लोगों को गड्ढों में तब्दील गलियां ही मिलीं। खास बात यह है कि इस मनमानी पूर्वक की गई खुदाई से खराब हुई गली की मरम्मत की कई बार शिकायत कर चुके हैं, लेकिन उनकी समस्या पर कोई ध्यान नहीं दे रहा है। स्थानीय लोगों का कहना है कि जहां वर्षों तक इंतजार करने के बाद उनकी गलियों में निर्माण कार्य होता है, लेकिन कुछ समय बाद ही किसी न किसी काम के बहाने गलियों को खोद दिया जाता है। मोनू शर्मा ने बताया कि पेयजल लाइन के नाम पर गली को खोद दिया गया। करीब दो माह बाद भी पाइप लाइन डालने के बाद गली को भरा ही नहीं, इससे बीच में गहरी खाई सी बनी हुई है और लोगों को निकलने में परेशानी होती है, जबकि यहां से रोजाना सैंकड़ों लोग निकलते हैं।मनोज का कहना है कि घरों का गंदा पानी रास्ते पर भी भरा रहता है और गली में हमेशा ही कीचड़ व पानी भरा रहता है। इससे यहां फिसलकर गिरना आम बात हो गई है। गली को पाइप लाइन डालने के बाद नाली को खुली ही छोड़ दिया गया है लेकिन अब तक गली का सुधारा नहीं किया गया। जेई आदेश कुमार नें बताया कि हमारा काम पूर्ण हो चुका है नगर पालिका द्वारा नालियों का कार्य कराया जाना है जिस कारण पानी ओवरफ्लो हो रहा है जल्द ही कार्य को संपूर्ण रूप से पूर्ण कराया जाएगा।

## लेखपाल की दबंगई से परेशान हुआ पूरा गांव, गेंहू की फसल जुतबाकर निकाली सड़क

एटा उत्तर प्रदेश के एटा जनपद की तहसील जलेसर क्षेत्र की ग्राम सभा इसौली में प्रधान व लेखपाल की दबंगई ग्रामीण के लिये मुसीबत बन गयी है जिन्होने जबरन निजी पैतृक भूमि में फसल जोतकर सड़क निकाल दी पीड़ित व्यक्ति ने एस डी एम जलेसर के भावना विमल से शिकायत कर न्याय की मांग की है। तहसील प्रशासन गांव के एक युवक के लिए नासूर बन गयी है। ग्राम सभा पर तैनात लेखपाल आशू के कानून हाथ में लेने और जन विरोधी कृत्यों की शिकायतों के आये दिन आने से न सिर्फ तहसील प्रशासन की अपितु शासन प्रशासन की भी छवि धूमिल हो रही है। उक्त लेखपाल द्वारा बिना किसी पैमाइश तथा सूचना दिये बगैर ही एक पीड़ित किसान के खेत मे खड़ी गेंहू की फसल को जबरन जुतवा कर नष्ट करा दिया गया है। पीड़ित किसान द्वारा इसकी शिकायत एसडीएम जलेसर से कर न्याय की गुहार लगाई गई है। घटना क्रम के अनुसार तहसील क्षेत्र के ग्राम इसौली निवासी भुवनेश पाठक पुत्र महेश पाठक ने बताया कि ग्राम सभा इसौली के गाटा संख्या 880ध्1.117 है0 उसका पैतृक चक है। इस चक में गेहूं की फसल खड़ी हुई है। गत 22 मार्च 2025 को पीड़ित की गैरमौजूदगी में बिना किसी सूचना के ग्राम प्रधान व क्षेत्रीय लेखपाल आशू तथा गांव के ही दबंग व्यक्ति धीरेन्द्र चौहान पुत्र राजेश्वर चौहान व उसके मामा दिनेश कुमार पुत्र पूरन सिंह निवासी नगला सुखदेव ने जबरन खड़े होकर पीड़ित के खेत में खड़ी गेहूं की फसल को जुतबाकर गुण्डागर्दी के बल पर रास्ता डलवा दिया है।